भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**राज्य सभा**
मौखिक प्रश्न सं. 156
गुरूवार, 13 मार्च, 2025/22 फाल्गुन, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

## कुशीनगर में ग्रामीण पर्यटन का विकास

**156 श्री कुँवर रतनजीत प्रताप नारायण सिंह:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में, विशेष रूप से कुशीनगर जिले में ग्रामीण पर्यटन के विकास और ग्रामीण क्षेत्र में होमस्टे को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय कार्यनीति के प्रमुख घटक क्या हैं;

(ख) मंत्रालय द्वारा बौद्ध पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं और स्थानीय समुदायों पर इसका क्या प्रभाव पड़ा है;

(ग) स्वदेश दर्शन योजना के बौद्ध परिपथ और ग्रामीण परिपथ के तहत कितनी परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है; और

(घ) क्या मंत्रालय की कुशीनगर संसदीय क्षेत्र में पर्यटन पहलों का विस्तार करने की योजना है, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

श्री कुँवर रतनजीत प्रताप नारायण सिंह द्वारा कुशीनगर में ग्रामीण पर्यटन के विकास के संबंध में दिनांक 13.03.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के मौखिक प्रश्न सं. 156 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

(क): देश में ग्रामीण पर्यटन की अपार संभावनाओं को देखते हुए, पर्यटन मंत्रालय ने ग्रामीण पर्यटन का विकास करने और देश में ग्रामीण होमस्टे को बढ़ावा देने के लिए एक राष्ट्रीय कार्यनीति तैयार किया है। इस कार्यनीति में निम्नलिखित महत्वपूर्ण बुनियादी बातों पर ध्यान केन्द्रित किया गया है:

(i) राज्य की नीतियों और सर्वश्रेष्ठ पद्धतियों के मानदंड तैयार करना
(ii) ग्रामीण पर्यटन के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकियां और मंच
(iii) ग्रामीण पर्यटन के लिए क्लस्टरों का विकास
(iv) ग्रामीण पर्यटन के लिए विपणन सहायता
(v) हितधारकों की क्षमता निर्माण
(vi) शासन संबंधी और संस्थागत ढांचा

(ख) से (घ): देश में पर्यटन के संवर्धन के लिए समग्र नीति के एक भाग के रुप में बौद्ध स्थलों में पर्यटन सहित विभिन्न पर्यटन स्थलों और उत्पादों को बढ़ावा देने का कार्य प्रारंभ किया गया है।

पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' और ‘पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता’ नामक अपनी केन्द्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार सहित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास के प्रयासों को संपूरित करता है। स्वदेश दर्शन योजना के बौद्ध परिपथ और ग्रामीण परिपथ के अंतर्गत मंजूर की गयी परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध।** में दिया गया है। मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में मंजूर की गई परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध।।** में दिया गया है।

*****

**अनुबंध I**

श्री कुँवर रतनजीत प्रताप नारायण सिंह द्वारा कुशीनगर में ग्रामीण पर्यटन के विकास के संबंध में दिनांक 13.03.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के मौखिक प्रश्न सं. 156 के भाग (ख) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

**स्वदेश दर्शन योजना के ग्रामीण परिपथ के अंतर्गत दिनांक** 28.02.2025 **तक स्वीकृत परियोजनाओं की सूची निम्नानुसार है:-**

| **क्र. सं.** | **राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र** | **परिपथ/ स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि करोड़ रु. में** | **स्वीकृत/ प्राधिकृत राशि* करोड़ रु. में** | **उपयोग की गई राशि करोड़ रु. में (कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा प्रस्तुत यूसी के अनुसार)** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बिहार | ग्रामीण परिपथ 2017-18 | भितिहरवा- चंद्रहिया-तुरकौलिया का विकास | 44.27 | 40.31 | 40.31 |
| 2. | केरल | ग्रामीण परिपथ 2018-19 | मालानाड मालाबार क्रूज़ पर्यटन परियोजना का विकास | 57.35 | 45.88 | 36.34 |

* इसमें केन्द्रीय क्षेत्र की योजना के लिए टीएसए मॉडल I के माध्यम से सीएनए को प्राधिकृत की गई राशि शामिल है।

**स्वदेश दर्शन योजना के बौद्ध परिपथ के अंतर्गत दिनांक** 28.02.2025 **तक स्वीकृत परियोजनाओं की सूची निम्नानुसार है:-**

| **क्र. सं.** | **राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र** | **परिपथ/ स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि करोड़ रु. में** | **जारी/ प्राधिकृत राशि* करोड़ रु. में** | **उपयोग की गई राशि करोड़ रु. में (कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा प्रस्तुत यूसी के अनुसार)** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | बौद्ध परिपथ 2017-18 | बौद्ध परिपथ: शालिहुंडम-बाविकोंडा-बोज्जनाकोंडा-अमरावती-अनूपु का विकास | 35.24 | 30.02 | 30.02 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2. | बिहार | बौद्ध परिपथ 2016-17 | बौद्ध परिपथ का विकास- बोधगया में कन्वेंशन सेंटर का निर्माण | 95.18 | 95.18 | 95.18 |
| 3. | गुजरात | बौद्ध परिपथ 2017-18 | जूनागढ़-गिरसोमनाथ- भरूच-कच्छ-भावनगर- राजकोट-मेहसाणा का विकास | 26.68 | 22.28 | 19.96 |
| 4. | मध्य प्रदेश | बौद्ध परिपथ 2016-17 | साँची-सतना-रीवा-मंदसौर- धार का विकास | 74.02 | 72.75 | 72.75 |
| 5. | उत्तर प्रदेश | बौद्ध परिपथ 2016-17 | श्रावस्ती,कुशीनगर और कपिलवस्तु का विकास | 87.89 | 72.56 | 68.43 |

* इसमें केन्द्रीय क्षेत्र की योजना के लिए टीएसए मॉडल । के माध्यम से सीएनए को प्राधिकृत की गई राशि शामिल है।

*****

**अनुबंध II**

श्री कुँवर रतनजीत प्रताप नारायण सिंह द्वारा कुशीनगर में ग्रामीण पर्यटन के विकास के संबंध में दिनांक 13.03.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के मौखिक प्रश्न सं. 156 के भाग (ख) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

**उत्तर प्रदेश में प्रशाद योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची (20.01.2025 तक)**

**(करोड़ रु. में)**

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | अनुमोदित लागत | जारी राशि | भौतिक प्रगति % | वित्तीय प्रगति % | जिला |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वाराणसी का विकास - चरण-I | 2015-16 | 18.73 | 18.73 | 100% | 100% | वाराणसी |
| 2 | मथुरा-वृंदावन का मेगा पर्यटन परिपथ के रूप में विकास (चरण-II) | 2014-15 | 10.98 | 10.98 | 100% | 100% | मथुरा |
| 3 | वाराणसी में नदी क्रूज पर्यटन का विकास | 2017-18 | 9.02 | 9.02 | 100% | 100% | वाराणसी |
| 4 | वृंदावन में पर्यटक सुविधा केंद्र का निर्माण | 2014-15 | 9.36 | 9.36 | 100% | 100% | मथुरा |
| 5 | वाराणसी का विकास-चरण II | 2017-18 | 44.60 | 31.77 | 100% | 71% | वाराणसी |
| 6 | गोवर्धन में मूलभूत सुविधाओं का विकास | 2018-19 | 37.59 | 30.97 | 100% | 78% | मथुरा |

**स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में दिनांक 28.02.2025 तक स्वीकृत परियोजनाओं की सूची निम्नानुसार है:-**

| क्र. सं. | राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र | परिपथ/ स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि करोड़ रु. में | जारी/ प्राधिकृत राशि* करोड़ रु. में | उपयोग की गई राशि करोड़ रु. में (कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा प्रस्तुत यूसी के अनुसार) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | उत्तर प्रदेश | बौद्ध परिपथ 2016-17 | श्रावस्ती,कुशीनगर और कपिलवस्तु का विकास | 87.89 | 72.56 | 68.43 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| 2. | उत्तर प्रदेश | रामायण परिपथ 2016-17 | चित्रकूट एवं श्रृंगवेरपुर का विकास | 69.45 | 64.09 | 56.03 |
| 3. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | अहर-अलीगढ़-कासगंज-सरोसी (उन्नाव)-प्रतापगढ़- कौशांबी-मिर्जापुर-गोरखपुर-डुमरियागंज-बस्ती-बाराबंकी-आजमगढ़-कैराना-बागपत-शाहजहांपुर का विकास | 71.91 | 69.63 | 69.63 |
| 4. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | बिजनौर-मेरठ-कानपुर-कानपुर देहात-बांदा-गाजीपुर-सलेमपुर-घोसी-बलिया-अम्बेडकरनगर-अलीगढ़-फतेहपुर-देवरिया-महोबा-सोनभद्र-चंदौली-मिश्रिख-भदोही का विकास | 67.51 | 64.14 | 63.62 |
| 5. | उत्तर प्रदेश | विरासत परिपथ 2016-17 | कालिंजर किला (बांदा) - मगहर धाम (संत कबीर नगर) - चौरी चौरा, शहीद स्थल (फतेहपुर) - महुआर शहीद स्थल (घोसी) - शहीद स्मारक (मेरठ) का विकास | 36.65 | 36.65 | 36.65 |
| 6. | उत्तर प्रदेश | रामायण परिपथ 2017-18 | अयोध्या का विकास | 127.21 | 115.46 | 113.22 |
| 7. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ | जेवर-दादरी-सिकंदराबाद-नोएडा-खुर्जा-बांदा का | 12.03 | 11.43 | 11.69 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2018-19 | विकास | | | |
| 8. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपट्टन मंदिर (बलरामपुर) एवं वटवाष्णि मंदिर (डुमरियागंज) का विकास | 18.30 | 18.12 | 18.12 |

* इसमें केन्द्रीय क्षेत्र की योजना के लिए टीएसए मॉडल I के माध्यम से सीएनए को प्राधिकृत की गई राशि शामिल है।

**(करोड़ रु. में)**

| **परिपथ/ स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** | **जारी/प्राधिकृत राशि** | **उपयोग की गई राशि*** |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| मार्गस्थ सुविधाएं 2018-19 | सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सहयोग से उत्तर प्रदेश और बिहार में वाराणसी-गया, कुशीनगर-गया-कुशीनगर में सड़क किनारे सुविधाओं का विकास | 15.07 | 14.32 | 15.83 |

**पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई योजना) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का विकास**

पर्यटन मंत्रालय ने राज्य सरकारों को वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों के विकास के लिए पूंजी निवेश हेतु विशेष सहायता के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट के लिए परिचालन दिशा-निर्देश और टेम्पलेट जारी किए हैं।

मंत्रालय ने राज्यों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों का मूल्यांकन किया और 2024-25 में 3295.76 करोड़ रु. की राशि वाली 40 परियोजनाओं को शॉर्टलिस्ट किया, जिन्हें विकास के लिए व्यय विभाग द्वारा वित्त पोषित किया जा रहा है। इसके अलावा, व्यय विभाग ने 2177.79 करोड़ रु. की राशि वाली परियोजनाओं की पहली किस्त भी जारी कर दी है।

| **क्र. सं.** | **राज्य** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)** | **जारी राशि (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | उत्तर प्रदेश | जिला-आगरा में बटेश्वर का विकास | 74.05 | 101.83 |
| 2. | उत्तर प्रदेश | श्रावस्ती में एकीकृत बौद्ध पर्यटन का विकास | 80.24 | |

**स्वदेश दर्शन 2.0 के अंतर्गत 28.02.2025 तक स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

| क्र. सं. | राज्य | गंतव्य | एक्सपीरियंस का नाम | अनुमोदित लागत (करोड़ रु. में) | स्वीकृति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | उत्तर प्रदेश | प्रयागराज | आज़ाद पार्क और देखो प्रयागराज ट्रेल एक्सप्रेस | 13.02 | 05-03-2024 |
| 2. | उत्तर प्रदेश | नैमिषारण्य | वैदिक- कल्याण अनुभव | 15.94 | 05-03-2024 |

**क्रिएटिव्स तथा प्रासंगिक साहित्य का सृजन**

(i) भारत में बौद्ध स्थलों से संबंधित एक विषयगत ब्रोशर को पुन: तैयार कर प्रिंट किया गया
(ii) कुशीनगर पर डिजिटल गंतव्य ब्रोशर

**केंद्रीय एजेंसियों की सहायता की योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | राज्य | एजेंसी | स्वीकृति की तिथि | स्वीकृत राशि | जारी राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वाराणसी/सारनाथ में स्मारकों की प्रकाश व्यवस्था (सारनाथ में धमेख स्तूप, सारनाथ में चौखंडी स्तूप, सारनाथ में लालकन का मकबरा और बनारस में मान महल) | उत्तर प्रदेश | आईटीडीसी | 28-02-2015 | 512.43 | 381.47 |
| 2 | उत्तर प्रदेश के वाराणसी में तीन स्मारकों की प्रकाश व्यवस्था-<br>1. दशाश्वमेध घाट से दरभंगा घाट (300 मीटर का विस्तार)<br>2. तुलसी मानस मंदिर<br>3. सारनाथ संग्रहालय | उत्तर प्रदेश | सीपीडब्ल्यूडी | 21-12-2017 | 293.55 | 293.55 |

**मेलों, महोत्सवों और पर्यटन संबंधी कार्यक्रमों के आयोजन के लिए राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्रों को वित्तीय सहायता**

**(लाख रु. में)**

| राज्य का नाम | वर्ष | मेलों एवं महोत्सवों का नाम | स्वीकृत राशि | जारी राशि |
|---|---|---|---|---|
| उत्तर प्रदेश | 2019-20 | गंगा महोत्सव-वाराणसी | 15.00 | 15.00 |
| | | दीपोत्सव, अयोध्या | 25.00 | 25.00 |
| | | ताज महोत्सव, आगरा | 10.00 | 10.00 |
| | 2022-23 | फिरोजाबाद महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| | 2023-24 | फिरोजाबाद महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| | | हाथरस महोत्सव | 25.00 | 25.00 |

*****